फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री सुनील कुमार विजयवर्गीय नि0 Q-3, गोविन्द नगर हाउसिंग बोर्ड, धोईन्दा जिला राजसमन्द पिन 313342

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार खमनोर – प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या** 51/2024

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाए जारी की गई
	दिनांक 21.08.2024 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी उपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार खमनोर से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार खमनोर से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार खमनोर से जरिये पृष्ठांकित क्रमांक :– आर.टी.आई./2024/371–372 दिनांक 23.07.2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध करा दी गई है। जिसे अपीलार्थी द्वारा दिनांक 11.08.2024 को प्राप्त किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार खमनोर की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार खमनोर की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी सूचना अपीलार्थी को जरिये पत्र क्रमांक :– आर.टी.आई./2024/371–372 दिनांक 23.07.2024 से उपलब्ध करा दी जाने से उक्त अपील को खारिज किया जाता है निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार खमनोर को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर) राजसमंद	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)